## खबर संक्षेप

### पुलिस ने चलाया जांच अभियान, दी हिदायत

**कटनी।** शराब पीकर वाहन चलाने वालों के विरूद्ध पुलिस द्वारा कार्यवाही की जा रही है। पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा ने नशे में वाहन चलाने वालों एवं अपराधिक गतिविधियों में लिप्त बदमाशों पर कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं। एसपी द्वारा दिए गए निर्देशों पर रंगनाथ थाना प्रभारी नवीन नामदेव ने पुलिस बल के तत्वों पर अंकुश लगाने देर रात सड़क पर जांच कार्यवाही की गई। बीती रात्रि मुख्य मार्ग पर रंगनाथ नगर थाना प्रभारी नवीन नामदेव एवं पुलिस बल दो पहिया, चार पहिया वाहनों की सघन जांच करते हुए नजर आई। जांच कार्वाई के दौरान जहां दोपहिया वाहन चालकों एवं चार पहिया वाहन चालकों की ब्रीद एनालाइजर के जरिए जांच की गई। वहीं वाहनों की भी संघनतापूर्वक जांच करते हुए चालकों को यातायात नियमों का पालन कर वाहन चलाने की हिदायत भी दी गई। इस दौरान कई वाहन चालकों को यातायात नियमों का उल्लंघन करने के लिए आर्थिक रूप से दंडित करते हुए चालान बनाए गए।

### श्रेष्ठ कार्य करने वालों को किया गया पुरस्कृत

**कटनी।** पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा द्वारा एक नई पहल प्रारंभ करते हुए माह जून के प्रथम सप्ताह में श्रेष्ठ कार्य करने वाले पुलिस अधिकारियों कर्मचारियों को नगद इनाम एवं प्रशस्ति पत्र प्रदाय किया गया है। प्रधान आरक्षक राजकुमार शर्मा थाना एनकेजे को चोरी के आरोपियों की गिरफ्तारी में विशेष योगदान, तीन स्थाई वारंट तामील करने एवं गुम इंसान दस्तयाब करने पर पुरस्कृत किया। साथ ही प्रधान आरक्षक अवधेश मिश्रा थाना बाकल को नाबालिक गुम बालक बालिकाओं को दीगर राज्य से दस्तयाब करने पर, प्रधान आरक्षक अरविंद गर्ग थाना विजयराघवगढ़ को सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के निराकरण में महती सहयोग करने पर, आरक्षक विनोद गायकवाड थाना कैमोर को एनडीपीएस एक्ट की कार्यवाही में सराहनीय कार्य करने पर तथा आरक्षक अमन सिंह थाना रीठी को विशेष रुचि लेकर सर्वाधिक समंस वारंट तामील करने पर पुरस्कृत किया गया। पुलिस अधीक्षक की यह पहल श्रेष्ठ कार्य करने वाले शासकीय पुलिस कर्मचारियों अधिकारियों के मनोबल को बढ़ावा देने के उद्देश्य से है, यह प्रक्रिया निरंतर जारी रहेगी।

### शराब पीकर ट्रक चलाने पर 10 हजार का जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरूद्ध कार्यवाही की जा रही है । शराब पीकर वाहन चलाने वाले वाहन चालकों के विरूद्ध विशेष अभियान संचालित किया जा रहा है। विशेष अभियान के तहत गत रात्रि ट्रक क्रमांक MP-20-HB-3815 के वाहन चालक लालमणि उर्फ बबलू सिंह ठाकुर के विरुद्ध शराब पीकर वाहन चलाने एवं यातायात नियमों का उल्लंघन करने पर थाना यातायात में मोटर व्हीकल एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर न्यायालय पेश की कार्यवाही की गई थी। उक्त प्रकरण के निकल हेतु मंगलवार को प्रकरण न्यायालय पेश किया गया था जिस पर न्यायालय द्वारा उक्त ट्रक क्रमांक के मालिक के विरुद्ध 10500 रुपए के अर्थ दण्ड से दंडित कर ट्रक को मालिक को सुपुर्दनामे में दिए जाने हेतु आदेशित किया गया। न्यायालय के आदेश पर ट्रक मालिक को वाहन सुपुर्द किया गया।

### लापरवाही पर स्वास्थ्य अधिकारी को नोटिस

कटनी। शहर की सुचारू सफाई व्यवस्था एवं मानसून के पूर्व नगर के नाले-नालियों की सफाई के कार्य में रुचि नहीं लेने तथा लापरवाही बरतने के कारण शहर के विभिन्न स्थलों में कचरे का ढेर एवं गंदगी पाए जाने के कृत्य को घोर लापरवाही मानते हुए निगमायुक्त नीलेश दुबे ने स्वास्थ्य अधिकारी को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। निगमायुक्त द्वारा जारी नोटिस में नगर की सफाई व्यवस्था के मूल्यांकन एवं बेहतर साफ-सफाई व्यवस्था हेतु पूर्व में गठित विशेष दल की श्री सोनी द्वारा नियमित मॉनिटरिंग नहीं किये जाने एवं अधीनस्थ अमले पर इनका कोई नियंत्रण नहीं होने का उल्लेख किया गया है।

---

### रात में कई बार ट्रिप हो रही है बिजली, लोग परेशान

# मंगलवार की रात परेशान नागरिकों ने किया विरोध, ढाई बजे तक नहीं आई थी लाइट

सतना

दिन हो या रात बार-बार बिजली की अघोषित कटौती में लोगों को परेशान कर रखा है। लोग ठीक से सो भी नहीं पा रहे हैं और ऊपर से गर्मी के कारण हालत और भी खराब होती जा रही है। मंगलवार-बुधवार की दर दरमियानी रात बिजली आपूर्ति बाधित होने से लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। रात 11 बजे से आधे शहर की बिजली बंद हो गई। लोगों ने रात ढाई बजे पुराना पावर हाउस स्थित बिजली कार्यालय पहुंचकर विरोध प्रदर्शन किया। सिटी कोतवाली के टीआई रावेंद्र द्विवेदी और रात्रि गश्त कर रही पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने बिजली कंपनी के अधिकारियों को कई बार फोन किया,लेकिन किसी ने कॉल नहीं उठाया। गर्मी से परेशान लोग बच्चों के साथ सड़कों पर घूमते दिखे। बिजली कटौती से व्यापारियों को भी नुकसान हुआ। उत्तरी पतेरी इलाके में एक आइसक्रीम दुकान के मालिक ने बताया कि फ्रीजर में रखी आइसक्रीम के पिघलने से हजारों रुपए का नुकसान हो गया।



#### यहां बाधित रही बिजली

बिजली आपूर्ति सब्जी मंडी और पुराना पावर हाउस उपकेंद्र से जुड़े कई इलाकों में प्रभावित रही। इनमें जवाहर नगर,उतैली, कृष्णनगर, संग्राम कालोनी, जिला अस्पताल परिसर, पुष्पराज कालोनी, जयस्तंभ चौक, मुख्य बाजार, स्टेशन रोड,सिटी कोतवाली और पतेरी वितरण केंद्र के कुछ इलाके शामिल हैं।

#### फॉल्ट में समय लगा

बिजली विभाग के अधिकारियों के अनुसार,पुराना पावर हाउस फीडर में 33 केवी लाइन का जम्पर उड़ने से समस्या आई। फॉल्ट का पता लगाने में समय लगा। तकनीकी टीम ने फॉल्ट ठीक कर बिजली आपूर्ति बहाल कर दी।

---

### सड़क किनारे खड़े ट्रक से ट्रक टकराया

# हाईवे पर लगा रहा घंटों जाम, पुलिस ने ट्रक में फंसे चालक को बाहर निकाला

मैहर।

बीती रात भीषण सड़क हादसा हो गया। राष्ट्रीय राजमार्ग 30 पर ड्रम से लदा हुआ तेज रफ्तार ट्रक हाईवे किनारे खड़े ट्रक से टकरा गया। इस हादसे की वजह से ट्रक चालक कई घंटों तक ट्रक में फंसा रहा। सूचना के बाद पहुंची पुलिस और अन्य लोगों की मदद से ट्रक चालक को सुरक्षित बाहर निकला। बताया जा रहा है कि मंगलवार और बुधवार की देर रात 2 बजे के आस पास मैहर के झुकेही चौकी अंतर्गत हाईवे पर कटनी तरफ से खाली ड्रम लोड कर ट्रक नंबर जीजे 17 एक्स एक्स 1852 भैरव नाथ यादव उम्र 37 पिता धर्मराज यादव निवासी कैमोर आ रहा था कि तभी हाईवे पर सड़क किनारे खड़े ट्रक से टकरा गया। टक्कर इतनी जोरदार रही कि ट्रक के परखच्चे उड़ गए। हादसे की वजह से ट्रक का केबिन बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया और चालक भैरवनाथ केविन कई घंटों तक फसा रहा। सूचना मिलने के बाद झुकेही पुलिस चौकी प्रभारी संतोष उल्हाड़ी टीम मौके पर पहुंची। जहां कड़ी मशक्कत के बाद ट्रक चालक को सुरक्षित निकाल लिया गया। फिर प्राथमिक उपचार के लिए कटनी अस्पताल भेजा गया। चौकी प्रभारी संतोष उल्हाड़ी ने बताया कि इस घटना में किसी के हताहत होने की कोई सूचना नहीं है।



---

# प्रधानमंत्री देश के लिए हर कीमत चुकाने को तैयार: आर्य

सतना




भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष लाल सिंह आर्य,सांसद गणेश सिंह ने होटल भरहुत में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार के 11 वर्ष पूर्ण होने पर पत्रकारवार्ता की। श्री आर्य ने कहा कि 2014 में पद संभालने के बाद से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश के लिए हर कीमत चुकाने को तैयार रहे हैं। उन्होंने कई कड़े फैसले लिये और तुष्टिकरण की राजनीति को समाप्त कर दिया।सांसद गणेश सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पिछले 11 वर्षों में हमारी सरकार 'सबका साथ,सबका विकास,सबका विश्वास,सबका प्रयास' के मंत्र को लेकर आगे बढ़ी है। यह सफलतम 11 साल सेवा,सुशासन और गरीब कल्याण के लिए समर्पित रहे हैं। इस दौरान मध्य प्रदेश शासन कि राज्यमंत्री प्रतिमा बागरी,सांसद गणेश सिंह,भाजपा जिला अध्यक्ष पंडित भगवती प्रसाद पाण्डेय,जिला पंचायत अध्यक्ष रामखेलावन कोल,जिला उपाध्यक्ष सुष्मिता सिंह परिहार,महापौर योगेश ताम्रकार,वरिष्ठ नेता रामदास मिश्रा,जिला मीडिया प्रभारी श्याम लाल गुप्ता,पंकज सिंह परिहार सहित पार्टी पदाधिकारी उपस्थित रहे।

---

# अंतिम संस्कार करके लौट रहे लोगों की एंबुलेंस पलटी, एक की मौत

मैहर।

प्रयागराज से अंतिम संस्कार कर लौट रहे परिजनों की एंबुलेंस अनियंत्रित हो कर पलटी गई। मौके से चालक फरार हो गया। गाड़ी में सवार एक व्यक्ति की मौके हो गई अन्य पांच लोग घायल हो गए। पुलिस घटना की जांच कर रही है। बताया जा रहा है कि मैहर निवासी लवकुश चौरसिया की मां का देहांत हो गया था जिसके बाद परिवार के लोगों ने प्रयागराज जाकर अंतिम संस्कार किया। इस दौरान परिवार के सभी लोग शामिल हुए। अंतिम संस्कार कर लौट रहे परिजन एंबुलेंस में बैठे हुए थे बुधवार की सुबह 3 बजे के आस पास मैहर के अमरपाटन बाईपास में एंबुलेंस एमपी 20 डीए 2851 अनियंत्रित होकर हाईवे किनारे बने नाले में जा गिरी। पहुंची पुलिस एवं परिजनों ने सभी को एंबुलेंस से बाहर निकाला और इलाज के लिए भेजा गया। इस घटना में पूर्व पार्षद पुरुषोत्तम चौरसिया उम्र 55 वर्ष निवासी मैहर की मौके पर ही मौत हो गई जब की पोलो चौरसिया 28 वर्ष,दिवाकर चौरसिया 60 वर्ष ,लखन चौरसिया 46 वर्ष रामलाल चौरसिया 55 वर्ष,प्रमोद चौरसिया 45 वर्ष है सभी घायलों को एंबुलेंस की सहायता से सतना बिड़ला अस्पताल रेफर किया गया है जहां सभी की स्थिति गंभीर बताई जा रहे है। थाना प्रभारी अमरपाटन के पी त्रिपाठी ने बताया सुबह तकरीबन 03 बजे की घटना है जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई है 5 लोग घायल है।





---

# प्रिज्म ने लॉन्च किया 'प्रिज्म चैम्पियन ऑल वेदर गोल्ड शील्ड सीमेंट'

### हर मौसम में अधिक मजबूती और सुरक्षा का भरोसा



**सतना।** निर्माण क्षेत्र में नवाचार के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दर्शाते हुए,प्रिज्म जॉनसन लिमिटेड ने आज 'प्रिज्म चैम्पियन ऑल वेदर गोल्ड शील्ड सीमेंट' का औपचारिक शुभारंभ किया। यह बहुप्रतीक्षित उत्पाद विशेष रूप से भारतीय जलवायु की विविधताओं को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है,जो हर मौसम में निर्माण को मजबूती और टिकाऊपन प्रदान करता है। लॉन्च समारोह का नेतृत्व प्रिज्म सीमेंट के एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर एवं सीईओ राकेश जैन ने किया। उनके साथ सीएचआरओ प्रवीर रे,प्रेसीडेंट एवं प्लाट हेड मनीष सिंह,वाइस प्रेसिडेंट,एचआरएम एवं कॉर्पोरेट अफेयर्स मनीष कुमार सिन्हा,हेड कमर्शियल सुखविदर सिंह,हेड फाइनेंस एवं अकाउंट्स आशीष हिंगड़,प्लांट लॉजिस्टिक्स हेड परमजीत सिंह एवं जोनल मैनेजर हितेन्द्र मिश्रा उपस्थित रहे। इस अवसर पर सीमेंट से लदे ट्रकों को झंडी दिखाकर रवाना किया गया।

#### ग्राहकों की जरूरतों को ध्यान में रखकर किया गया विकास

एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर एवं सीईओ राकेश जैन ने कहा,"हम हमेशा से अपने ग्राहकों को उच्च गुणवत्ता और नवाचार-आधारित उत्पाद प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। प्रिज्म चैम्पियन ऑल वेदर शील्ड सीमेंट हर मौसम में उत्कृष्ट प्रदर्शन के साथ दीर्घकालिक स्थायित्व सुनिश्चित करता है। यह प्रिज्म ब्रांड की गुणवत्ता और उपभोक्ता विश्वास का प्रतीक है।

#### नवीनतम तकनीक और टिकाऊपन का मेल

प्रेसीडेंट एवं प्लाट हेड मनीष सिंह ने उत्पाद की विशेषताओं पर प्रकाश डालते हुए बताया कि यह सीमेंट एक विशेष वॉटर रिपेलेंट फॉर्मूला के साथ आता है,जो नमी और सीलन से बेहतर सुरक्षा प्रदान करता है। इसकी उन्नत कंपोजिशन से संरचनाओं में दरारें नहीं आतीं और निर्माण वर्षों तक स्थिर एवं मजबूत बना रहता है। यह पर्यावरण के अनुकूल है और ऊर्जा दक्ष निर्माण में सहायक है। इस आशय की जानकारी प्रिज्म जॉनसन के एजीएम (सीएसआर एवं जनसंपर्क) देवेन्द्र मिश्रा ने प्रदान की।

---



# सीने पर पोस्टर चिपका कर जनसुनवाई में पहुंचा किसान

### गांव के नक्शे का विरोध, तुरंत निराकरण के निर्देश

**सतना।** जनसुनवाई में एक किसान ने अपने सीने पर पोस्टर चिपकाकर प्रशासन के खिलाफ नाराजगी जताई। मझगवां विकासखंड के बारी अमराई गांव के किसान लाल बिहारी पाठक ने जनवरी में गांव के नक्शे के लिए कलेक्टर न्यायालय में आवेदन किया था। कलेक्टर ने तहसीलदार मझगवां से पटवारी का प्रतिवेदन मांगा था। तब से किसान तहसील कार्यालय के चक्कर काट रहे हैं। बाबू और तहसीलदार एक-दूसरे पर जिम्मेदारी डालकर मामले को टालते रहे।

#### किसानों के नहीं हो पा रहे पंजीयन

किसान का आरोप है कि उनके गांव का नक्शा अधूरा है। कई खेतों के नंबर नहीं मिलने से किसानों के रजिस्ट्रेशन नहीं हो पा रहे हैं। खेतों की सीमाओं के विवाद भी नहीं सुलझ पा रहे हैं। बारी अमराई गांव के कई प्रकरण कार्यालयों में लंबित पड़े हैं। जनसुनवाई में किसान की इस शिकायत का असर हुआ। एडीएम बानखड़े ने तुरंत मझगवां तहसीलदार को बुलाया और प्रकरण का निराकरण करने का निर्देश दिया।

---

# लूट के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार




**मैहर।** बीते दिनों कोतवाली क्षेत्र में महिला से मदद की नाम पर ज्वेलरी और नगदी की लूट करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है,पूरे मामले पर पुलिस अधिक्षक सुधीर अग्रवाल ने नगर पुलिस अधीक्षक महेंद्र सिंह एवं थाना प्रभारी अनिमेश द्विवेदी के मौजूदगी में किया खुलासा,कई जिलों आरोपी के खिलाफ मामला है दर्ज,मैहर पुलिस की सक्रियता से पकड़ाया आरोपी देवेन्द्र उर्फ लाला निवासी थाना गोविन्दगढ़,अन्य साथी की तलाश जारी,पुलिस अधीक्षक सुधीर अग्रवाल ने टीम को पुरस्कृत किया।

---

# विधायक और जिला अध्यक्ष ने किया पौधारोपण

**मैहर।** संत रविदास आश्रम परिसर मे विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी एवं जिला अध्यक्ष भाजपा कमलेश सुहाने के साथ सांसद प्रतिनिधि संतोष सोनी मैहर ने वृक्षारोपण किया। इस वृक्षारोपण कार्यक्रम के माध्यम से बड़ी संख्या में नवीन वृक्ष लगाए गए तथा पहले से मौजूद पुराने वृक्षों के संरक्षण की दिशा में भी सशक्त पहल की गई इस मौके पर भारी संख्या में सामाजिक बंधु उपस्थित रहे।



---

## शासकीय सेवकों के एनपीएस कटौती संबंधी जानकारी उपलब्ध करायें

**सतना।** *वरिष्ठ कोषालय अधिकारी सुशील कुमार मिश्रा ने जानकारी देते हुए बताया कि सतना एवं मैहर जिले अंतर्गत समस्त विभागों के एनपीएस श्रेणी के शासकीय सेवकों के मिसिंग एनपीएस कटौती का समायोजन जिला कोषालय सतना से किया जाना है। ऐसे शासकीय सेवकों की सूची सभी आहरण संवितरण अधिकारियों (विभागों) को प्रेषित की गई है। जिसमें एनपीएस श्रेणी के शासकीय सेवकों के कटौत्रे की राशि उनके एनपीएस प्रान खाता में जमा नहीं हुए है। इस संबंध में समस्त विभागों से सूची अनुसार आईएफएमएस में व्हाउचर एन्ट्री किए जाने हेतु निर्देशित किया गया था।*

*किन्तु विभागों द्वारा व्हाउचर एन्ट्री नहीं की जा रही है। साथ ही प्रतिनियुक्ति एवं स्टायपेंड कर्मचारियों द्वारा चालान के माध्यम से एनपीएस की राशि जमा कराई गई थी। ऐसे चालानों की सूची समस्त विभागों को प्रेषित की गई है। विभाग द्वारा ऐसे चालानों का परीक्षण कर प्रपत्र अ एवं चालान की कॉपी कोषालय को प्रेषित न किए जाने के कारण एनपीएस की राशि संबंधित कर्मचारियों के प्रान खातों जमा नहीं हो पाई है।*

## विकासखण्ड स्तरीय रोजगार मेला आज रामपुर बघेलान में

**सतना।** शासकीय आईटीआई एवं रोजगार कार्यालय सतना द्वारा 12 जून से 26 जून 2025 तक सतना एवं मैहर जिले में स्थित समस्त आईटीआई में एसआईएस सिक्योरिटी सर्विस का एक दिवसीय प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया जायेगा। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि 12 जून को जनपद पंचायत रामपुर बघेलान,13 जून को जनपद पंचायत मझगवां,16 जून को जनपद पंचायत उचेहरा,17 जून को जनपद पंचायत नागौद,18 जून को शासकीय आईटीआई सतना (युवा संगम),19 जून को शासकीय आईटीआई मैहर (युवा संगम),20 जून को जनपद पंचायत सोहावल,23 जून को शासकीय आई टी आई अमरपाटन, 24 जून को जनपद पंचायत मैहर,25 जून को जनपद पंचायत रामनगर एवं 26 जून 2025 को जिला रोजगार कार्यालय सतना में प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया जायेगा। सिक्योरिटी गार्ड/सुपरवाइजर पद हेतु आयु 19 से 40 वर्ष तथा योग्यता 10वीं या 12वीं उत्तीर्ण बेरोजगार आवेदक अपने मूल रिकार्ड के साथ निर्धारित स्थान पर उपस्थित हो सकते हैं। भर्ती से संबंधित जानकारी के लिए राहुल साहू मोबाइल नम्बर 9131557489 पर सम्पर्क कर सकते है।

## खबर संक्षेप

### श्री सर्वेश्वर नाथ मंदिर की कृषि भूमि की पुनः बोली 12 जून को

**पन्ना।** धार्मिक न्यास और धर्मस्व विभाग के निर्देशानुसार नायब तहसीलदार न्यायालय मण्डल कल्दा द्वारा ग्राम बिरसिंहपुर सुरदहा स्थित श्री सर्वेश्वर नाथ मंदिर में दर्ज कृषि भूमि की बोली प्रक्रिया गत 9 मई को ग्राम पंचायत भवन बिरसिंहपुर में संपादित की गई थी, लेकिन प्रथम बोलीदार शनि प्रताप सिंह निवासी खम्हरिया एवं द्वितीय बोलीदार अरूण पाल लोधी निवासी दिवई द्वारा नीलामी में बोली गई राशि को मंदिर खातें में जमा न कराने से पुनः 12 जून को तहसील कार्यालय पवई में बोली की प्रक्रिया आयोजित की गई है। पर्याप्त बोली नहीं आने अथवा बोली पूर्ण नहीं होने पर दूसरे दिवस भी इसकी कार्यवाही संपादित होगी। बोली समाप्त होने के पश्चात अंतिम निर्णय जिला कलेक्टर पन्ना का मान्य होगा। इस संबंध में अधिक जानकारी तहसील कार्यालय पवई में संपर्क कर प्राप्त की जा सकती है।

### अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून को जीएडी ने जारी किए दिशा-निर्देश

**पन्ना।** इस वर्ष भी 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर सामूहिक योग कार्यक्रम होंगे। इस संबंध में सामान्य प्रशासन विभाग ने सभी विभागों को दिशा-निर्देश जारी किए हैं। विदित हो कि संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा योग को वैश्विक पहचान देते हुए वर्ष 2015 में 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस घोषित किया है। इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का एक दशक पूर्ण हो रहा है। इस अवसर पर वृहद रूप से अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के आयोजन के साथ-साथ काउंटडाउन एवं अन्य कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। योग दिवस पर जिला, विकासखंड एवं पंचायत स्तर पर सामूहिक योग कार्यक्रम होंगे। इसमें विद्यालयों, महाविद्यालयों, चिकित्सा एवं तकनीकी शिक्षा संस्थान, आयुष, नर्सिंग, पशु चिकित्सा, कृषि, शिक्षा, पॉलीटेक्निक, आईटीआई के साथ निजी विद्यालयों एवं महाविद्यालयों की भागीदारी रहेगी। समस्त संस्थानों में योग दिवस में भाग लेने के लिए आयुष मंत्रालय भारत सरकार की लिंक में आयोजक के रूप में पंजीयन कराया जाना है, जिससे भारत सरकार स्तर पर आयोजन की संख्या निर्धारित हो सके। भारत सरकार द्वारा इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की निर्धारित थीम एक पृथ्वी-एक स्वास्थ्य के लिए योग रखी गई है। पर्यटन स्थलों पर भी सामूहिक योग के लिए विशेष व्यवस्था की जाएगी। सामूहिक योग कार्यक्रम की शुरूआत 21 जून को प्रातरू 6 बजे से होगी। सामूहिक योग की प्रक्रिया प्रातरू 7.45 पर संपन्न हो जाएगी।

### नगरीय क्षेत्र में जर्जर भवन मालिकों के विरूद्ध करें कार्रवाई

**पन्ना।** नगरीय प्रशासन एवं विकास आयुक्त ने समस्त नगरीय निकायों के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे अपने क्षेत्रों में जर्जर भवनों की सूची तैयार करें और मानसून आने के पहले जिला प्रशासन के सहयोग से जर्जर भवनों को गिराने की कार्रवाई करें। अधिकारियों को प्रभावित नागरिकों के उचित विस्थापन किए जाने के भी निर्देश दिए गए हैं। यह कार्यवाही नगर निगम अधिनियम और नगर पालिका अधिनियम के अंतर्गत सुनिश्चित की जाएगी। नगरीय निकायों के अधिकारियों को आगाह किया गया है कि सतर्कता के साथ की गई कार्यवाही से जन धन हानि से बचा जा सकता है। आयुक्त ने जर्जर भवनों की सूची तत्काल संबंधित जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन को उपलब्ध कराने के लिए कहा है। इसके अलावा नगरीय निकायों के अधिकारियों को अपने शहरी क्षेत्र के नाले-नालियों की साफ-सफाई प्राथमिकता से करवाने के लिए भी कहा गया है। नाले-नालियों की उचित साफ-सफाई न होने की वजह से जल भराव की स्थिति निर्मित होती है। इस वजह से नागरिकों को तकलीफ का सामना करना पड़ता है।

# नगर पालिका परिषद पन्ना अंतर्गत अवैध कॉलोनी निर्माण पर नोटिस जारी

पन्ना।

**कलेक्टर न्यायालय द्वारा नगर पालिका परिषद पन्ना क्षेत्र अंतर्गत अवैध कॉलोनी निर्माण पर तीन व्यक्तियों को कारण बताओ नोटिस जारी कर आगामी 10 जुलाई को पेशी तिथि पर दोपहर 2 बजे पक्ष समर्थन के लिए उपस्थित होने के निर्देश दिए गए हैं। कलेक्टर सुरेश कुमार ने अनुविभागीय अधिकारी राजस्व पन्ना के प्रतिवेदन पर ग्राम पन्ना के सर्वे नंबर 403/1/1 रकवा 0.018 हे., सर्वे नंबर 403/2/1 रकवा 0.124 हे., सर्वे नंबर 405/1 रकवा 0.035 हे., सर्वे नंबर 405/2 रकवा 0.175 हे. कुल किता 4 कुल रकवा 0.3520 हे. भूमि पर संयुक्त रूप से निर्धारित प्रावधानों का उल्लघंन कर छोटे-छोटे भू-खण्ड विक्रय कर अवैध कॉलोनी के निर्माण पर नोटिस जारी किया है। उक्त कार्रवाई म.प्र. नगर पालिका अधिनियम**



**1961 की धारा 339-क, 339-ख एवं 339-ग तथा म.प्र. नगर पालिका कॉलोनी विकास नियम 2021 के प्रावधानों के विपरीत कॉलोनी निर्माण करने पर की गई है।**

इस संबंध में जारी नोटिस के माध्यम से कॉलोनी को अनधिकृत कॉलोनी घोषित करने, उपरोक्त भूमि तथा संबंधितजन के स्वामित्व की किसी अन्य भूमि को प्रश्नाधीन कॉलोनी में नागरिक अधोसंरचना के विकास कार्य पूर्ण करने के लिए अटैच करने तथा अनधिकृत कॉलोनी निर्माण का अपराध कारित करने पर कारावास व जुर्माना के लिए सक्षम न्यायालय में प्रकरण प्रस्तुत करने सहित थाना में प्राथमिकी दर्ज कराने बावत बिन्दुवार प्रत्युत्तर पेशी तिथि पर स्वयं अथवा अभिभाषक के माध्यम से अनिवार्य रूप से चाहा गया है। निर्धारित तिथि व समय पर उपस्थित न होने की स्थिति में एकपक्षीय कार्रवाई कर प्रकरण में प्रस्ताव अनुसार आगामी आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

**इन्हें मिला नोटिस-**

जिला कलेक्टर द्वारा अवैध कॉलोनी निर्माण पर मीना पाण्डेय पत्नी अरविन्द कुमार पाण्डेय उर्फ विष्णु पाण्डेय निवासी रानीगंज मोहल्ला तहसील एवं जिला पन्ना, पूनम यादव पत्नी महेन्द्र प्रताप सिंह यादव निवासी वार्ड नं. 14 बेनीसागर मोहल्ला तहसील एवं जिला पन्ना तथा सुमन गुप्ता पत्नी मनोज कुमार गुप्ता निवासी वार्ड नं. 11 बेनीसागर मोहल्ला तहसील एवं जिला पन्ना को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। कॉलोनी निर्माण का रजिस्ट्रीकरण प्रमाण पत्र, कॉलोनी विकास की अनुज्ञा, नगर तथा ग्राम निवेश से ले आउट स्वीकृति व अनापत्ति प्रमाण पत्र एवं रेरा में पंजीयन कराए बगैर तथा किसी भी प्रकार का आंतरिक विकास किए बगैर अवैध कॉलोनी निर्माण करने पर जारी नोटिस के माध्यम से अन्य व्यक्तियों को भी अनधिकृत कॉलोनी घोषित करने के संबंध में अपनी आपत्ति निर्धारित तिथि के पूर्व न्यायालय में प्रस्तुत करने के संबंध में सूचित किया गया है। इसके अलावा तहसीलदार पन्ना, सीएमओ एवं उप पंजीयक पन्ना को भी आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं।

# पॉलीटेक्निक महाविद्यालय पन्ना एवं पवई में मनाया जाएगा प्रवेशोत्सव

**प्रथम चरण की प्रवेश प्रक्रिया 10 जून से 15 जून तक होगी संचालित**

पवई। संचालनालय तकनीकी शिक्षा भोपाल से प्राप्त निर्देशानुसार पॉलीटेक्निक महाविद्यालय पन्ना एवं शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय पवई में दिनांक 10 जून से 15 जून 2025 तक प्रथम चरण की काउन्सेलिंग उपरांत आवंटित सीटों पर प्रवेश हेतु प्रवेशोत्सव का आयोजन किया जाएगा। प्रवेशोत्सव की कार्यवाही अंतर्गत संस्था में प्रवेश लेने हेतु आने वाले विद्यार्थियों का तिलक लगा कर स्वागत किया जाएगा। प्रवेश संबंधी कार्यवाही के सुचारु संचालन हेतु शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय पन्ना से श्रीमती वर्षा प्रजापति को नोडल अधिकारी बनाया जाकर हरीश पाठक, राकेश द्विवेदी, श्री हरगोविंद कुर्मी, श्री कौशल कोरी, श्री संतोष साहू एवं श्रीमती रुचि खरे की टीम गठित की गयी है जो विद्यार्थियों को प्रवेश संबंधी कार्यवाही में आवश्यक सहयोग प्रदान करेगी। इसी प्रकार शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय पवई हेतु श्री आकाश गुप्ता व्याख्याता (सिविल) को नोडल अधिकारी बनाया जाकर इसमें सहयोग हेतु सुश्री राखी परमार, श्रीमति प्रसून रेले, पुष्पेंद्र, शैलेंद्र शुक्ला, मयंक भगत, ज्ञानेन्द्र सिंह, रामपाल कुशवाहा, अभिषेक नामदेव, पुनीत, पवन, राजेश, देवेंद्र को विभिन्न दायित्व सौंपे गए है। संस्था प्राचार्य अरविंद कुमार त्रिपाठी ने बताया कि प्रवेशोत्सव का उद्देश्य प्रवेश लेने हेतु आने वाले विद्यार्थियों में उत्साह बढ़ाने के साथ-साथ अन्य विद्यार्थियों को समय से प्रवेश लेने हेतु प्रेरित करना है तथा यह कार्यवाही वरिष्ठ कार्यालय से प्राप्त निर्देशों के आधार पर की जा रही है तथा यह उत्सव प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण होने तक जारी रहेगा। प्राचार्य श्री त्रिपाठी द्वारा शीघ्रता से प्रवेश की कार्यवाही पूर्ण करने हेतु आग्रह किया है।





# डाइट में उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम अंतर्गत हुआ जिला स्तरीय प्रशिक्षण



पन्ना।

उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम अंतर्गत जिला स्तरीय प्रशिक्षण गत दिवस डाइट में आयोजित किया गया। राज्य शिक्षा केंद्र द्वारा निर्धारित कार्यक्रम अनुसार कलेक्टर एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत पन्ना के मार्गदर्शन में प्रशिक्षण संपन्न हुआ। इस अवसर पर जिला प्रौढ़ शिक्षा अधिकारी रमाकांत खरे द्वारा साक्षरता कार्यक्रम संचालन के उद्देश्य, लक्ष्य एवं अब तक प्राप्त हुई उपलब्धि के बारे में विस्तृत रूप से अवगत कराया गया। प्रशिक्षक शरद श्रीवास्तव एवं जिला सह समन्वयक द्वारा 2011 की जनगणना अनुसार असाक्षरों की लक्ष्य संख्या का शत प्रतिशत चिन्हांकन एवं पंजीयन, सामाजिक चेतना केंद्रों का निर्धारण एवं संचालन, असाक्षरों के लिए अध्ययन केंद्रों का संचालन, अक्षर साथी तैयार करना, आगामी साक्षरता मूल्यांकन परीक्षा अगस्त 2025 की तैयारी के बारे में विस्तृत प्रक्रिया से अवगत कराया गया। जिला स्तरीय प्रशिक्षण में विद्यासागर कुररिया शाहनगर द्वारा आईपीसीएल पद्धति अनुसार अध्ययन केंद्रों का संचालन एवं असाक्षरों के सीखने के लिए तैयार की गई अक्षर पोथी पुस्तिका का उपयोग कैसे करें के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी गई। विजय मिश्रा विकासखंड सह समन्वयक पन्ना द्वारा वातावरण निर्माण पर विस्तृत रूप से चर्चा की गई। शिवकुमार पांडे गुनौर द्वारा असाक्षरों को तैयार कर उन्हें मोटिवेट करने की पूरी प्रक्रिया बताई गई। रमेश प्रजापति पवई एवं रामस्वरूप पाल अजयगढ़ द्वारा भी विकासखंड, जन शिक्षा केंद्र एवं शाला स्तर पर प्रशिक्षण प्रक्रिया से प्रतिभागियों को अवगत कराया गया। प्रशिक्षण प्रभारी महेन्द्र तिवारी द्वारा प्रशिक्षण की समस्त व्यवस्थाएं संचालित की गईं। साथ ही निर्धारित तिथियों में प्रशिक्षण संपादित करने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में डाइट प्राचार्य रविप्रकाश खरे एवं डीपीसी अजय गुप्ता भी उपस्थित रहे।

# सांदीपिनी शासकीय मॉडल उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय पन्ना में छात्र-छात्राओं के भविष्य को लेकर नवीन प्रवेश हेतु सुअवसर

**कभी मॉडल स्कूल में प्रवेश को लेकर परीक्षा परिणाम मैरिट सूची पुनः परीक्षा जैसे हालातों से गुजरना होता था। शिक्षा में सुधार की दिशा कहें या जिला मुख्यालय में सांदीपिनी शासकीय मॉडल स्कूल में जहां सर्व साधारण को प्राचार्य के द्वारा सूचना जारी की गई हिन्दी माध्यम में संकाय गणित, जीव विज्ञान, कला, वाणिज्य में नवीन प्रवेश हेतु आवेदन फार्म आवश्यक दस्तावेजों सहित अंतिम तारीख 20 जून तक प्राप्त किये। यह शिक्षा के भविष्य को संवारने के लिए छात्र-छात्राओं के लिए बेहतर समय माना जा रहा है।**




**पन्ना।** यह नगर शिक्षा के क्षेत्र में किस तरह से प्रगति के आयाम तय कर रहा है। शासकीय सांदीपिनी मॉडल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में शिक्षा पाने को लेकर जहां कभी सोचना पड़ता था। वहां अभी हालात में सुधार कहें या कि विद्यालय में संख्या छात्र-छात्राओं के लिए सीट के रूप में बढ़ने के आसार तय हो गये। मामला चाहे जो हो पर सांदीपिनी शासकीय मॉडल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्राचार्य के द्वारा प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से जहां 2025-26 शिक्षा सत्र में कक्षा 11वीं हिन्दी माध्यम में संकाय गणित, जीव विज्ञान, कला वाणिज्य में नवीन प्रवेश हेतु आवेदन फार्म आमंत्रित किये गये है। आवेदन फार्म दस्तावेजों सहित आने वाली 20 जून 2025 तक का समय निर्धारित किया गया है। जमा करने का समय शासकीय अवकाश के दिनों को छोड़कर 12 बजे दोपहर से लेकर 4 बजे संयकाल तक निर्धारित किया गया है। गौरतलब बात यह है कि कक्षा 10वीं के संस्थागत अध्ययनरत छात्रों को प्रवेश एवं विषय चयन उपरांत रिक्त सीटों पर सभी संकायों में प्राप्त हुए आवेदनों को संकाय वार मैरिट क्रम के आधार पर प्रवेश देने की बात बताई जा रही है। कक्षा 11वीं में प्रवेश लेने हेतु छात्र-छात्राओं के लिए शिक्षा के क्षेत्र में भविष्य संवारने हेतु यह सुअवसर है। वहीं छात्र-छात्रायें कक्षा 11वीं में प्रवेश लेने के लिए संस्था से आवेदन फार्म प्राप्त कर कक्षा 10वीं उत्तीर्ण की स्वप्रमाणित अंकसूची एवं आधार कार्ड की छायप्रति के साथ संस्था में जमा करने को लेकर 20 जून 2025 तक का समय जो निहित किया गया है। वह सुअवसर है। इतना ही नहीं शेष दस्तावेज चयन उपरांत जमा करना अति आवश्यक भी माना जा रहा है। गौरतलब यह है कि शासकीय सांदीपनी मॉडल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में शिक्षा प्राप्त करने के लिए भविष्य शिक्षा के क्षेत्र में बनाने के लिए छात्र-छात्राओं को बेहतर शिक्षा के साथ माना जा रहा है। जहां विद्यालय में दक्ष शासकीय शिक्षक जो उत्कृष्ट शिक्षा प्रदान करने को लेकर जाने जाते है। जिस विद्यालय में प्रवेश मिलना ही अपने आप में भविष्य की सुखद राह मानी जाती है। यह समय कहीं न कहीं जिला मुख्यालय में शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर अनुकूल समय की ओर जाना जा रहा है।

# पवई में जगदीश स्वामी की भव्य स्नान यात्रा संपन्न लू लगने से भगवान अस्वस्थ, 15 दिन रहेंगे पट बंद

**27 जून को निकलेगी रथ यात्रा, 25 व 26 को होंगे विशेष धार्मिक अनुष्ठान**

पवई।



नगर स्थित ऐतिहासिक जगदीश स्वामी मंदिर में बुधवार को परंपरागत स्नान यात्रा धार्मिक श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ संपन्न हुई। इस अवसर पर मंदिर के गर्भगृह में विराजमान भगवान जगदीश स्वामी, उनके भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा की प्रतिमाओं को आसान पर विराजमान कर विधिवत स्नान कराया गया। इस पावन आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया और जयकारों से नगर का वातावरण भक्तिमय हो गया। मंदिर के पुजारी अंशुल अनूप पाठक ने जानकारी देते हुए बताया कि परंपरा अनुसार स्नान के बाद भगवान को लू लग जाती है, जिससे वे 15 दिन तक विश्राम करते हैं। इस अवधि में मंदिर के पट बंद रहते हैं और भगवान की सेवा विशेष रूप से 'अनाशक्त अवस्था' में की जाती है।

स्नान यात्रा के दौरान भगवान को मिट्टी के छिद्रयुक्त परंपरागत घड़ों से स्नान कराया गया। बैंड-बाजे, ढोल-नगाड़ों और आतिशबाजी के साथ भगवान की जय-जयकार करते हुए श्रद्धालुओं ने नगर में प्रभु आगमन का स्वागत किया। मंदिर परिसर में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी, जो भगवान के दर्शन कर पुण्य लाभ प्राप्त करने पहुंची थी। स्नान उपरांत भगवान को विश्राम हेतु विशेष शयन कक्ष में ले जाया गया और आरती कर प्रसाद वितरण किया गया। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार अब भगवान 15 दिन तक बीमार रहेंगे, जिन्हें 'अनासक्ति पर्व' कहा जाता है। इस दौरान मंदिर में विशेष सेवा और पूजन किया जाएगा। आगामी धार्मिक कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए पुजारी अंशुल पाठक ने बताया कि 25 जून को पाठ-प्रसाद का आयोजन होगा,26 जून को धूप और कपूर आरती की जाएगी, 27 जून को नगर में भव्य रथ यात्रा निकाली जाएगी। रथ यात्रा पवई की एक ऐतिहासिक परंपरा है, जिसमें भगवान जगदीश स्वामी रथ पर सवार होकर नगर भ्रमण करते हैं। बैंड-बाजों, झांकियों, भक्तों की टोलियों और आकर्षक सजावट के बीच यह यात्रा धार्मिक आस्था और लोक परंपरा का संगम बन जाती है। इस धार्मिक आयोजन को सफल बनाने में स्थानीय नागरिकों, युवाओं व सेवाभावी संस्थाओं द्वारा मिलकर उत्कृष्ट सहयोग प्रदान किया जाता है, स्थानीय प्रशासन पुलिस प्रशासन एवं नगर परिषद द्वारा भी व्यवस्था में सक्रिय भूमिका निभाई जाती है ।ओर सभी लोग रथयात्रा बारात में शामिल होते है।

**मजदूरों का रोजगार छिनने से मजबूरन हो रहा पलायन**

# पटना कला में मनरेगा में मशीनी घोटाला



**पन्ना।** जनपद पंचायत पवई की ग्राम पंचायत पटना कला में मनरेगा योजना के अंतर्गत करीब 9 लाख की राशि से खेत तालाब का कार्य कराया जा रहा हैं। जिसमे महज कुछ की घंटो जेसीबी चलाकर राशि को ठिकाने लगाने का प्रयास किया जा रहा हैं. ग्राम पंचायत के कार्यों में खुलेआम नियमों की धज्जियाँ उड़ाई जा रही हैं। शासन के स्पष्ट निर्देशों के बावजूद यहाँ मजदूरों की जगह धड़ल्ले से मशीनों से कराया जा रहा काम। ग्रामीणों का आरोप है कि मनरेगा के अंतर्गत तालाब गहरीकरण, मिट्टी खुदाई, और अन्य निर्माण कार्यों में जेसीबी जैसी भारी मशीनों का उपयोग हो रहा है, जबकि योजना का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण मजदूरों को स्थानीय स्तर पर रोजगार उपलब्ध कराना है।स्थानीय मजदूरों को काम नहीं मिल पाने के कारण वे रोज़गार की तलाश में अन्य राज्यों की ओर पलायन करने को मजबूर हो रहे हैं। कई परिवारों की आजीविका पर संकट गहराता जा रहा है, जबकि कार्यों का भुगतान मस्टर रोल में फर्जी नाम दर्ज कर निकलवाया जा रहा है। इसके पश्चात ग्राम पंचायत एवं जनपद स्तर पर बैठे पदाधिकारी करेंगे राशि का आपसी बन्दर बाँट। सूत्रों से मिली जानकरी के अनुसार ग्राम पंचायत मे दलित वर्ग से सरपंच होने के कारण अन्य व्यक्ति द्वारा पंचायत चलाई जा रही है जो की ग्राम पंचायत मे किसी भी पद पर विद्यमान नही है। यानि कहे की पंचायत ठेके पर चाल रही है। पंचायत के कार्यों के निर्णय अन्य तीसरे व्यक्ति द्वारा लिए जा रहे है सरपंच की पूछ केवल हस्ताक्षर के समय होती है। ग्रामीणों ने इस गंभीर अनियमितता की शिकायत उच्च अधिकारियों से की है और मामले की निष्पक्ष जांच की माँग की है। अगर समय रहते इस पर कार्यवाही नहीं हुई, तो मनरेगा जैसी महत्वाकांक्षी योजना पर लोगों का भरोसा टूटना तय है।

## 6 पेटी अवैध शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार देर रात बाईपास के पास हुई कार्यवाही

**अमानगज पन्ना।** जिले के अमानगंज पुलिस थाना क्षेत्र के अंतर्गत चारों ओर इन दिनों आतुर और सक्रिय बताई जा रहे हैं क्योंकि जिनकी खोजबीन में स्थानीय पुलिस लगी हुई है बीती रात जरिए मुखबिर सूचना पुलिस को लगी की एक आरोपी अवैध शराब के साथ अपनी मोटर बाइक से बाईपास होकर गुजरने वाला है जिसकी सूचना पाते ही स्थानीय अमानगंज पुलिस मौके पर पहुंची आरोपी मोटर बाइक से तेजी से आ रहा था जिसे पुलिस ने रोका और उसकी मोटर बाइक से शराब पुलिस ने पकड़ी जिसकी कीमत तकरीबन 30000 बताई गई पुलिस ने आरोपी दिव्यराज सिंह बुंदेला ऊर्फ नाती राजा पिता धीरेंद्र प्रताप सिंह बुंदेला उम्र 20 वर्ष निवासी देवरी रैकरा थाना सिमरिया के विरुद्ध कार्यवाही की गई ।

# श्रीमद्भागवत कथा के सातवें दिन कृष्ण सुदामा मित्रता का किया वर्णन, आज विशाल भंडारे के साथ होगा समापन



**अमानगज पन्ना।** नगर के सत्यम पैलेस में श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया गया है जहां निरंतर भागवत कथा का अमृत रस बरस रहा है वही कथा के सातवें दिन आज बुधवार को शाम 7 बजे कथावाचक महाराज श्री दीपक शास्त्री जी द्वारा कथा सुनाते हुए कथा के सातवें दिन भगवान श्री कृष्ण और मित्र सुदामा की मित्रता का वर्णन किया शास्त्री जी ने कहा कि भगवान ने अपने मित्र की आने की खबर सुनते ही नंगे पैर दौड़कर महल के बाहर पहुंचकर मित्रता को निभाया। आज हवन यज्ञ और विशाल भंडारे के साथ समापन होगा, जिसमें नगर सहित दूर दराज से भक्तगण प्रसाद ग्रहण करेंगे।

## बाईपास मार्ग हुआ चालू, आवागमन में होगी सुविधा

**अमानगंज नगरवासियों के लिए राहत भरी खबर सामने आई**



**अमानगज पन्ना।** लंबे समय से पाइप डालने के लिए बंद पड़े बाईपास मार्ग को अब पुनः चालू कर दिया गया है। प्रशासन द्वारा आवश्यक मरम्मत कार्य के बाद यह मार्ग आमजन के लिए खोल दिया गया है।बाईपास मार्ग के चालू होने से नगर के मुख्य मार्ग पर ट्रैफिक का दबाव कम होगा और भारी वाहनों का आवागमन सुगम हो सकेगा। इससे नगरवासियों को बड़ी राहत मिलेगीकि इससे यातायात व्यवस्था बेहतर होगी और समय की भी बचत होगी। प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे यातायात नियमों का पालन करें और मार्ग को स्वच्छ बनाए रखने में सहयोग करें। और भारी वाहन फिर से बाय पास से ही गुजरे यदि नगर के अंदर से निकलते हैं तो पुलिस प्रशासन द्वारा चलानी कार्यवाही कि जाएगी।

## खबर संक्षेप

### रजिस्ट्रेशन एवं च्वाइस फिलिंग 16 तक कराएं

**छतरपुर**। प्राचार्य शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था छतरपुर ने बताया कि वर्तमान में जिले के अंतर्गत शासकीय औ?द्योगिक प्रशिक्षण संस्थाओं में संचालित विभिन्न व्यवसायों के लिए रजिस्ट्रेशन एवं च्वाइस फिलिंग 16 जून 2025 तक जारी है। जिले में संचालित औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाओं में बड़ामलहरा, चंदला में वेल्डर एवं छतरपुर में वेल्डर और कारपेंटर वुड वर्क टेक्नीशियन में 8 वीं पास और अन्य व्यवसायों में 10वीं पास आवेदक आवेदन कर सकते हैं। इसके बाद 24 जून 2025 से संस्थाओं में प्रवेश का कार्य आरंभ हो जाएगा बालिकाओं के लिये 35 प्रतिशत स्थान प्रवेश के लिए सुरक्षित रखे गये हैं।

### भीषण गर्मी में अधिवक्ताओं ने की शिकंजी वितरण की पहल



**छतरपुर**। छतरपुर जिला न्यायालय परिसर में भीषण गर्मी से राहत दिलाने के लिए अधिवक्ताओं ने एक सराहनीय कदम उठाया। उन्होंने न्यायालय स्टाफ और पक्षकारों के लिए ठंडे पेयजल और शिकंजी की व्यवस्था की, जिससे गर्मी में राहत मिली। अधिवक्ता रवि पांडे ने बताया कि लगातार बढ़ रही भीषण गर्मी को देखते हुए यह निर्णय लिया गया कि जिला न्यायालय में आने वाले पक्षकारों और स्टाफ को ठंडी शिकंजी वितरित की जाए। इस दौरान अधिवक्ता हिमांशु चौरसिया, गणेश साहू, प्रशांत सिंह भदोरिया, विशाल राय और समाजसेवी दिनेश तिवारी सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। सभी ने मिलकर शिकंजी वितरण का कार्य किया, जिसकी लोगों ने जमकर सराहना की।

### स्पा सेंटर में करने वाली युवती ने युवक पर लगाया दुष्कर्म का आरोप

**छतरपुर**। छतरपुर के एक स्पा सेंटर में काम करने वाली एक युवती ने सिविल लाइन थाने में शिकायत दर्ज कराई है, जिसमें उसने एक युवक पर शादी का झांसा देकर दुष्कर्म और धोखाधड़ी का गंभीर आरोप लगाया। भोपाल निवासी पीड़िता ने बताया कि छतरपुर निवासी मुकीम कुरैशी ने अपना नाम सोनू बताकर उससे स्पा सेंटर में मुलाकात की और उसे प्रेमजाल में फंसाया। उसने शादी का वादा कर होटल में कई बार शारीरिक संबंध बनाए और उससे पैसे भी लिए। बाद में पीड़िता को पता चला कि युवक का असली नाम मुकीम कुरैशी है। धोखे का खुलासा होने पर उसने सिविल लाइन थाने में शिकायत दर्ज कराई है। छतरपुर सीएमएसपी अमन मिश्रा ने बताया कि पीड़िता की शिकायत पर दुष्कर्म का मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस मामले की गहन जांच कर रही है, और जो भी तथ्य सामने आएंगे, उनके आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

### ग्रामीणों के प्रदर्शन के बाद बिजली विभाग ने बदले ट्रांसफार्मर

**हरपालपुर**। क्षेत्र के सरसेड गांव में लंबे समय से बिजली की समस्या से जूझ रहे ग्रामीणों के प्रदर्शन के बाद बिजली विभाग हरकत में आया। ग्रामीणों के गुस्से और ज्ञापन के दबाव में विभाग ने खराब ट्रांसफार्मरों को बदलकर बिजली सेवा को सुचारू किया।

बता दें कि गत सोमवार को भीषण गर्मी के बीच सरसेड गांव के दो दर्जन से अधिक ग्रामीणों का आक्रोश बिजली विभाग के खिलाफ फूट पड़ा था। ग्रामीणों ने हरपालपुर बिजली वितरण केंद्र के कनिष्ठ अभियंता का घेराव कर 6 महीने से खराब पड़े ट्रांसफार्मर को बदलने की मांग की और ज्ञापन सौंपा था। ग्रामीणों का कहना था कि बिजली की अनियमित आपूर्ति से उनकी दिनचर्या प्रभावित हो रही है। छतरपुर उप संभाग के सहायक अभियंता हृदेश चतुर्वेदी ने बताया कि सरसेड गांव में डीपी खराब होने की शिकायत मिली थी। तत्काल कार्रवाई करते हुए ओआईसी जितेंद्र प्रजापति को निर्देश दिए गए। 9 से 11 जून तक विभाग ने गांव में चार 25 केवी डीपी स्थापित कीं और एक खराब डीपी को ठीक किया।

पात्र शासकीय कर्मचारियों को ड्राइव चलाकर बैंक समन्वय कर कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ें

# सभी बैंक अटल पेंशन, जीवन ज्योति, जीवन सुरक्षा योजना के आवेदनों को संवेदनशीलता से लें: कलेक्टर

**जिला स्तरीय बैंकिंग समीक्षाएं संपन्न, योजनाओं की समयबद्ध पूर्ति पर जोर**

छतरपुर। कलेक्टर पार्थ जैसवाल की अध्यक्षता में मंगलवार को जिला पंचायत सभाकक्ष में डीएलसीसी, डीएलआरसी एवं डीएलएमसी की समीक्षा बैठक संपन्न हुई। इस बैठक में विभिन्न योजनाओं के लक्ष्य और उनकी पूर्ति पर गहन चर्चा की गई। बैठक में जिला पंचायत सीईओ तपस्या परिहार, आरबीआई के अधिकारी, एलडीएम और जिले के बैंकर्स सहित सीएमओ और विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।



बैठक में मुख्य रूप बिंदुओं पर ऋण जमा अनुपात (सीडी रेसियो) और इसे बढ़ाने के उपायों, पीएचईजीपी एवं एमएमयूकेवाय के लक्ष्यों की पूर्ति और आगामी योजनाओं, खादी ग्राम एवं उद्योग बोर्ड के लक्ष्यों की पूर्ति के लिए आवश्यक कदम, प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के प्रकारों की स्वीकृति और उनकी कार्यान्वयन प्रक्रिया, अजीविका मिशन के तहत स्वरोज़गार क्रेडिट योजना, एसएचजी के बचत खाते खोलने और क्रेडिट लिंकिंग के लक्ष्य, पशुपालन विभाग के लक्ष्यों की पूर्ति, जनजाति विभाग के लक्ष्यों और उनकी पूर्ति की स्थिति, कृषि विभाग के लक्ष्यों, अल्पसंख्यक विभाग के लक्ष्यों की स्थिति, एआईएफ (आर्थिक सुधार फंड) की प्रस्तुति, आरएसईटीआई प्रशिक्षण केंद्र की जानकारी और आगामी कार्यक्रमों की योजनाओं, एनपीए और आरटीसी की वसूली की स्थिति, सीएमएम हेल्पलाइन पर प्राप्त शिकायतों का समाधान आदि बिन्दुओं की समीक्षा की गई।

कलेक्टर श्री जैसवाल ने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि योजनाओं के लक्ष्यों की शीघ्र पूर्ति सुनिश्चित की जाए और निर्धारित समय सीमा में सभी कार्य पूर्ण किए जाएं। उन्होंने प्रत्येक विभाग को अपनी रिपोर्ट तैयार करने और आगामी बैठक में उसकी प्रगति प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। इसके अलावा आर्थिक सुधार फंड की प्रस्तुति, आरएसईटीआई प्रशिक्षण केंद्र की जानकारी, एनपीए और आरटीसी की वसूली की स्थिति और सीएमए हेल्पलाइन पर प्राप्त शिकायतों के समाधान पर भी चर्चा की गई। कलेक्टर ने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे योजनाओं के लक्ष्यों की शीघ्र पूर्ति सुनिश्चित करें और सभी कार्य निर्धारित समय सीमा के भीतर पूर्ण करें। उन्होंने यह भी कहा कि हर विभाग को अपनी रिपोर्ट तैयार करनी चाहिए और आगामी बैठक में प्रगति प्रस्तुत करनी चाहिए।

**निजी बैंक अनिवार्य रूप से डीएलसीसी बैठक में भाग लें -**

कलेक्टर ने बैकों को विभिन्न योजनाओं के आवेदकों के लंबित प्रकरणों शीघ्र डिस्वर्स करने के लिए कहा और कहा कि उचित कारण दर्ज न होने पर अस्वीकृत किए गए प्रकरणों को पुनः भेजा जाएगा। उन्होंने पीएमएफएमई योजना के निरस्त केसों में कमी पूर्ति करने और प्रकरणों को शीर्घ सेंक्सन करने के लिए कहा। कलेक्टर श्री जैसवाल ने सभी बैंकर्स से कहा कि ड्राइव चलागर ग्राम पंचायतों के जीआरएस, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, पटवारी आदि को पीएम अटल पेंशन योजना, पीएमएसबीवाई, पीएमजेजेबीवाई के तहत उनको पात्रता के अनुसार पंजीकृत किया जाए। कलेक्टर ने बैंकों को जिला प्रशासन के साथ समन्वय में काम करने के लिए भी कहा। प्राइवेट बैंकों को निर्देशत किया कि वे डीएलसीसी में भाग लें और इसे किसी भी हालत में न छोड़ें। साथ ही बैंकों से पीएम अटल पेंशन योजना, पीएमएसबीवाई और पीएमजेजेबीवाई जैसी कल्याणकारी योजनाओं में अधिक योगदान देने की अपेक्षा की गई है।

**हितग्राहियों को शासकीय योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए करें प्रेरित -**

कलेक्टर ने सभी संबंधित विभागों जैसे मछली पालन, पशुपालन, कृषि आदि को निर्देशित किया है कि वे अधिक से अधिक हितग्राहियों को शासकीय योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए प्रेरित करें तथा आगामी एक माह के भीतर योजनाओं के लिए आवेदन प्रस्तुत करें। विशेष रूप से सभी लंबित केसीसी (किसान क्रेडिट कार्ड) आवेदनों को शीघ्रातिशीघ्र पूर्ण कराकर संबंधित पोर्टल्स पर जमा किया जाए, ताकि पात्र नागरिक समय पर इनका लाभ प्राप्त कर सकें।

**आरएसईटीआई के माध्यम से युवाओं को स्वरोजगार का प्रशिक्षण दें -**

कलेक्टर ने कृषि अधोसंरचना निधि (एआईएफ) के तहत आवेदन करने के निर्देश भी दिए। इस योजना में प्राथमिक कृषि साख समितियाँ (पीएसीएस), एफपीओ, स्वयं सहायता समूह (एसएचजी), एपीएमसी एवं कृषि उद्यमी शामिल हैं। ऐसे लाभार्थियों को दीर्घकालीन ऋण के लिए प्रोत्साहित किया जाए ताकि कृषि क्षेत्र में निजी निवेश को बढ़ावा मिले और अधोसंरचना को सशक्त किया जा सके। इसके अतिरिक्त कलेक्टर ने आरएसईटीआई को सेवा क्षेत्र से जुड़े प्रशिक्षण कार्यक्रमों को बढ़ावा देने के निर्देश दिए ताकि अधिक से अधिक युवाओं को रोजगारपरक कौशल प्राप्त हो और वे व्यावहारिक रूप से आत्मनिर्भर बन सकें।

## शादी का झांसा देकर शारीरिक शोषण का आरोप

पीड़िता ने एसपी से लगाई न्याय की गुहार



**छतरपुर**। नौगांव थाना क्षेत्र की एक युवती ने बुधवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आवेदन देकर एक युवक पर शादी का झांसा देकर शारीरिक शोषण सहित अन्य कई गंभीर आरोप लगाए हैं। पीड़िता का दावा है कि आरोपी ने उसे धोखे में रखकर न केवल उसका शारीरिक शोषण किया, बल्कि गर्भपात भी कराया। अब आरोपी उसे अपने साथ रखने से इनकार कर उसे प्रताड़ित कर रहा है। ईशानगर थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली 24 वर्षीय पीड़िता ने बताया कि उसका विवाह करीब 6 साल पहले गौना करौला गांव के भूपेंद्र बुंदेला के साथ हुआ था। आपसी विवाद के कारण पिछले साल दोनों अलग हो गए, और विवाह विच्छेद का आवेदन नौगांव न्यायालय में विचाराधीन है। कुछ समय पहले उसकी दोस्ती नौगांव थाना क्षेत्र के ग्राम वीरपुरा निवासी 25 वर्षीय लकी उर्फ विकास पटैरिया से हुई। पीड़िता का आरोप है कि लकी ने शादी का वादा कर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए। दोनों 15 दिन तक साथ रहे और इसी दौरान वह गर्भवती हो गई थी, जिसके बाद लकी ने उसका गर्भपात करवाया। महिला ने बताया कि एक दिन लकी ने कहा कि उसके माता-पिता उसकी शादी कहीं और करना चाहते हैं, इसलिए हम मंदिर से विवाह कर लेते हैं। दोनों ने मंदिर में विवाह भी किया, लेकिन अब लकी अपने परिवार के दबाव का हवाला देकर उसे साथ रखने से इनकार कर रहा है। वह उससे लड़ाई-झगड़ा करता है, मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित करता है। पीड़िता ने यह भी आरोप लगाया कि लकी ने पैसों का लालच देकर उसकी मां और भाइयों को भी अपने पक्ष में कर लिया है। न्याय की उम्मीद में पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आवेदन देकर लकी उर्फ विकास पटैरिया के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। उसने शारीरिक शोषण, मानसिक प्रताडऩा और धोखाधड़ी के लिए दोषी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की गुहार लगाई है।

## हरपालपुर की बेटी ने पास की सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा

**वायुसेना में फाइटर पायलट बनकर देश की सेवा करने का है सपना**



**हरपालपुर**। बुंदेलखंड की एक बेटी ने अपनी प्रतिभा और मेहनत से ऑल इंडिया सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा में शानदार प्रदर्शन कर क्षेत्र का नाम रोशन किया। इस उपलब्धि ने न केवल उनके परिवार, बल्कि पूरे हरपालपुर को गर्व का क्षण दिया। हरपालपुर के वार्ड नंबर 2 निवासी जसवंत सिंह राणा की बेटी रुद्रप्रिया सिंह राणा ने ऑल इंडिया सैनिक स्कूल पात्रता परीक्षा 2025 में उत्कृष्ट अंकों के साथ सफलता हासिल की। रुद्रप्रिया ने बताया कि उनके पिता ने भी राजस्थान के सैनिक स्कूल से पढ़ाई की थी, जिससे प्रेरित होकर उन्होंने यह लक्ष्य चुना। उनका सपना भारतीय वायुसेना में फाइटर पायलट बनकर देश और राष्ट्र की सेवा करना है। रुद्रप्रिया ने अपनी तैयारी राजस्थान की सूर्यवीर डिफेंस एकेडमी से की, जहां कड़ी मेहनत और समर्पण के साथ उन्होंने यह मुकाम हासिल किया। अब वह सैनिक स्कूल में आगे की पढ़ाई पूरी कर अपने माता-पिता के सपनों को साकार करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

## राजस्व मंत्री ने बागेश्वर धाम में किए बालाजी के दर्शन

**छतरपुर**। मध्य प्रदेश सरकार के राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा ने अपने छतरपुर दौरे के दौरान बुधवार को बागेश्वर धाम पहुंचकर बालाजी भगवान के दर्शन किए और आशीर्वाद लिया। करण सिंह वर्मा मंगलवार रात खजुराहो के सर्किट हाउस में रुके थे। बुधवार सुबह 10:30 बजे वह बागेश्वर धाम पहुंचे, जहां उन्होंने बागेश्वर बालाजी भगवान के दर्शन किए। इस दौरान धाम के सेवादारों ने मंत्री श्री सिंह को पूरे मंदिर परिसर का भ्रमण कराकर यहां का धार्मिक महत्व बताया।



# विकसित भारत का अमृतकाल, सेवा और सुशासन से बदली देश की तस्वीर: करण सिंह वर्मा

**राजस्व मंत्री ने गिनाईं मोदी सरकार के 11 सालों की उपलब्धियां**




**छतरपुर**। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और मध्य प्रदेश के राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा ने बुधवार को छतरपुर जिला भाजपा कार्यालय में प्रेस वार्ता को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 11 साल पूरे होने पर विकसित भारत का अमृतकालः सेवा, सुशासन, गरीब कल्याण थीम के तहत सरकार की उपलब्धियों का विस्तार से बखान किया। यह आयोजन देशव्यापी संकल्प से सिद्धि अभियान का हिस्सा था, जिसके तहत बीजेपी अपनी सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचा रही है। दोपहर 12 बजे जिला भाजपा कार्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता में राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा ने कहा कि 2014 में नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र में बीजेपी सरकार बनने के बाद से देश ने विकास की नई ऊंचाइयां छुई हैं। उन्होंने उज्वला योजना, आयुष्मान भारत, पीएम आवास योजना, जनधन योजना और स्वच्छ भारत मिशन जैसी योजनाओं का जिक्र करते हुए बताया कि इनके जरिए गरीबों, महिलाओं और युवाओं का सशक्तिकरण हुआ है। ऑपरेशन सिंदूर की सफलता और भारत का दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनना मोदी सरकार के संकल्प और सिद्धि का प्रतीक है, उन्होंने कहा। मंत्री ने डिजिटल इंडिया और स्टार्टअप इंडिया जैसी पहलों का भी उल्लेख किया, जिन्होंने युवाओं को नए अवसर प्रदान किए। करण सिंह वर्मा ने कहा कि मोदी सरकार ने पिछले 11 वर्षों में हर वर्ग के कल्याण को प्राथमिकता दी। बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ से लेकर पीएम किसान सम्मान निधि तक, सरकार ने समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक लाभ पहुंचाया। उन्होंने यह भी बताया कि छतरपुर जिले में केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ हर जरूरतमंद तक पहुंच रहा है। प्रेस वार्ता के बाद छतरपुर तहसील में अनियमितताओं के सवाल पर मंत्री ने कहा, यदि कोई मामला मेरे संज्ञान में आता है, तो मैं निश्चित रूप से जांच करवाऊंगा और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष चंद्रभान सिंह गौतम, विधायक ललिता यादव, विधायक राजेश बबलू शुक्ला, जिला पंचायत अध्यक्ष विद्या अग्निहोत्री, गुड्डन पाठक, उमेश शुक्ला, जिला मीडिया प्रभारी अरविंद बुंदेला और अरविंद रावत सहित कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। सभी ने एक स्वर में मोदी सरकार की उपलब्धियों की सराहना की और 'संकल्प से सिद्धि अभियान को जन-जन तक ले जाने का संकल्प लिया।

## खजुराहो के लिए खुशखबरी: नए शिक्षा सत्र से केन्द्रीय विद्यालय में शुरू होंगी कक्षाएं

**विधायक ने जताया आभार, बोले- सांसद विष्णु दत्त शर्मा की पहल रंग लाई**

**खजुराहो**। विश्व पर्यटन नगरी खजुराहो में शिक्षा के क्षेत्र में एक नया अध्याय जुडऩे जा रहा है। खजुराहो सांसद विष्णु दत्त शर्मा के विशेष प्रयासों से केंद्रीय विद्यालय संगठन, शिक्षा मंत्रालय, नई दिल्ली की मंजूरी के बाद इसी शिक्षा सत्र से यूथ हॉस्टल में कक्षा 1 से 5 तक की पढ़ाई शुरू होगी। यह उपलब्धि क्षेत्र के लिए मील का पत्थर साबित होगी, जो स्थानीय बच्चों को उच्च गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का अवसर प्रदान करेगी।राजनगर विधायक अरविंद पटैरिया ने बताया कि खजुराहो के होटल पायल और आदिवर्त संग्रहालय के समीप यूथ हॉस्टल में केंद्रीय विद्यालय की कक्षाएं संचालित होंगी। 10 जुलाई 2025 तक प्रवेश प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी, और इसी शिक्षा सत्र से पढ़ाई शुरू हो जाएगी। उन्होंने इस ऐतिहासिक उपलब्धि के लिए भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान और खजुराहो सांसद विष्णु दत्त शर्मा के प्रति हृदय से आभार व्यक्त किया।श्री पटैरिया ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में शिक्षा के क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव हो रहे हैं। केंद्रीय विद्यालय की स्थापना खजुराहो के लिए एक अनमोल उपहार है, जिसका श्रेय सांसद विष्णु दत्त शर्मा की अथक मेहनत और समर्पण को जाता है। शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने भी इस प्रस्ताव को त्वरित स्वीकृति देकर क्षेत्रवासियों के सपनों को साकार किया। उन्होंने केंद्रीय विद्यालय संगठन के अधिकारियों और सभी सहयोगियों का भी धन्यवाद दिया, जिनके प्रयासों से यह संभव हुआ। केंद्रीय विद्यालय के संचालन से खजुराहो और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के बच्चों को उच्च गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, आधुनिक सुविधाएं और राष्ट्रीय स्तर की प्रतिस्पर्धी तैयारी का अवसर मिलेगा। यह विद्यालय स्थानीय परिवारों के लिए आर्थिक बोझ को भी कम करेगा, क्योंकि अब उन्हें बेहतर शिक्षा के लिए बच्चों को दूर शहरों में भेजने की जरूरत नहीं पड़ेगी। साथ ही, यह क्षेत्र के शैक्षिक और सामाजिक विकास को नई दिशा देगा। श्री पटैरिया ने कहा कि यह विद्यालय न केवल बच्चों के भविष्य को उज्ज्वल करेगा, बल्कि खजुराहो की शैक्षिक पहचान को भी मजबूत करेगा। यह उन माता-पिताओं के लिए वरदान है, जो अपने बच्चों को बेहतर शिक्षा दिलाना चाहते हैं। क्षेत्रवासियों में इस घोषणा से उत्साह का माहौल है, और उन्होंने इस पहल के लिए केंद्र सरकार, सांसद और विधायक का आभार जताया।





## राजनगर में सड़कों से हटाए गए अवैध कब्जे, सदियों पुरानी अतिक्रमण की समस्या का होगा समाधान

**राजनगर**। नगर में वर्षों से चली आ रही अतिक्रमण की समस्या को हल करने के लिए प्रशासन ने बुधवार से बड़े पैमाने पर अभियान शुरू किया। इस कार्रवाई ने स्थानीय लोगों की आवागमन की परेशानी को दूर करने की उम्मीद जगाई है, लेकिन कुछ प्रभावित दुकानदारों और मकान मालिकों में नाराजगी भी देखी गई। प्राप्त जानकारी के मुताबिक राजनगर के बड़े तालाब से थनेरा तालाब तक सड़क के दोनों ओर बनी सकरी गलियों के कारण आवागमन में लंबे समय से बाधा उत्पन्न हो रही थी। इस समस्या के समाधान के लिए प्रशासन ने अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई तेज कर दी है। राजनगर विधायक अरविंद पटैरिया के मार्गदर्शन में विधानसभा क्षेत्र में सड़क निर्माण और विकास कार्यों को गति दी जा रही है। इस अतिक्रमण हटाओ अभियान को राजनगरवासियों की पुरानी मांग के रूप में देखा जा रहा है, जिसके पूरा होने से न केवल आवागमन सुगम होगा, बल्कि सड़क दुर्घटनाओं में भी कमी आएगी।तहसीलदार धीरज गौतम ने बताया कि अतिक्रमण हटाने के लिए करीब एक महीने पहले सभी दुकानदारों और मकान मालिकों को नोटिस जारी किया गया था। सड़क के मध्य से दोनों तरफ 15 से 18 फीट तक अतिक्रमण हटाया जा रहा है, और यह कार्य पूरी तरह न्यायसंगत है। उन्होंने कहा कि कई स्थानीय लोग प्रशासन का सहयोग कर रहे हैं और स्वयं अपने मकान व दुकानों को तोड़ रहे हैं। हालांकि, जिनके मकान और दुकानें हटाई गईं, उनमें कुछ लोगों ने प्रशासन पर मनमानी का आरोप भी लगाया। अतिक्रमण हटाने के इस अभियान में स्थानीय प्रशासन, नगर परिषद राजनगर का अमला और बड़ी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहा। प्रशासन का कहना है कि यह कार्रवाई जनहित में है और इससे राजनगर की यातायात व्यवस्था में व्यापक सुधार होगा।

खबर संक्षेप

## हेल्दी लीवर मिशन के तहत आज मनाया जाएगा फैटी लीवर दिवस

**रीवा ।** रीवा और मऊगंज जिले में एक जून से स्वस्थ लीवर अभियान चलाया जा रहा है। अभियान का मुख्य उद्देश्य नॉन अल्कोहलिक फैटी लीवर बीमारी के प्रति लोगों को जागरूक करना है। प्रदेश के उप मुख्यमंत्री तथा लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल की विशेष पहल से फैटी लीवर के बारे में जागरूकता अभियान शुरू किया गया है। अभियान के तहत 12 जून को फैटी लीवर दिवस मनाया जाएगा। इस दिन जिले भर में स्वास्थ्य संस्थाओं में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित करके लोगों को नॉन अल्कोहलिक फैटी लीवर डिजीज से बचाव के संबंध में जागरूक किया जाएगा। इसके साथ-साथ फैटी लीवर के संभावित रोगियों की जाँच के लिए आयुष्मान आरोग्य मंदिर, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र और जिला चिकित्सालय में निःशुल्क जाँच शिविर लगाए जाएंगे। गांव में प्रशिक्षित आशा कार्यकर्ता और एएनएम फैटी लीवर रोगियों की पहचान कर उनकी जाँच कराएंगे। इस संबंध में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ संजीव शुक्ला ने बताया कि नॉन अल्कोहलिक फैटी लीवर डिसीज एक ऐसा विकार है जिसमें लीवर में अतिरिक्त वसा जमा हो जाता है। आमतौर पर शुरूआत में इससे किसी तरह की तकलीफ नहीं होती है तथा शरीर पर किसी तरह के लक्षण दिखाई नहीं देते हैं लेकिन बाद में पीड़ति को थकान, ऊपरी दाहिने पेट में दर्द और कभी-कभी पीलिया जैसे लक्षण दिखाई देते हैं। फैटी लीवर आमतौर पर मोटापे, डायबिटीज और बढ़े हुए कोलेस्ट्रॉल जैसे कारणों से जुड़ा होता है। फैटी लीवर होने पर लीवर में सूजन, लीवर सिरोसिस और लीवर कैंसर का खतरा बढ़ जाता है। लीवर सिरोसिस पर ध्यान न देने पर यह लीवर कैंसर में परिवर्तित होकर मृत्यु का कारण बन सकता है मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि फैटी लीवर से बचाव के लिए हर व्यक्ति अपने वजन पर नियंत्रण रखे। अधिक वजन वाले व्यक्तियों को इसका अधिक खतरा रहता है। ऐसे डाइट कार्यक्रम से दूर रहें जो लंबे समय तक भूखे रहने की सलाह देते हैं। फैटी लीवर से बचाव के लिए आहार में वसा की मात्रा कम करें। अधिक कार्बोहाइड्रेट युक्त आहार जैसे चावल, आलू, सफेद ब्रेड का सेवन न करें। ये पदार्थ हमारी आंतों में जल्दी से अवशोषित हो जाते हैं और फैट के रूप में परिवर्तित होकर लीवर पर परत बना लेते हैं। इनके स्थान पर व्यक्ति को अनाज, दालें, नट्स, सेव, संतरा आदि का सेवन करना चाहिए। कार्बोनेटेड पेय पदार्थ और फ्रुक्टोज से भरपूर जूस का सेवन न करें। हर व्यक्ति हर साल लीवर एंजाइम, ब्लड शुगर और कोलेस्ट्रॉल की जाँच अनिवार्य रूप से कराए। ब्लडप्रेशर अथवा डायबिटीज होने पर इसका समुचित उपचार करें।

## तहसील कार्यालय लोकायुक्त पुलिस की दबिश, बनकुइयां सर्किल के बाबू तीन हजार की रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार

रीवा



कलेक्ट्रेट परिसर में स्थित तहसील कार्यालय मंगलवार को उस समय हड़कंप मच गया, जब लोकायुक्त टीम ने एक राजस्व कर्मचारी को रिश्वत लेते हुए रंगेहाथ पकड़ लिया। बता दे बनकुइयां सर्किल में पदस्थ सहायक ग्रेड-3 विनोद शुक्ला को 3,000 रुपए की रिश्वत लेते हुए लोकायुक्त पुलिस ने गिरफ्तार किया। यह कार्रवाई कलेक्ट्रेट कार्यालय के परिसर में ही की गई, जहां आरोपी ने फरियादी से निजी रास्ते पर स्थगन आदेश (स्टे) दिलाने के एवज में रिश्वत की मांग की थी। जानकारी के अनुसार, सागर थाना क्षेत्र के गगहरा गांव निवासी राजेश कुमार पाण्डेय ने लोकायुक्त रीवा कार्यालय में शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में बताया गया कि उनका निजी रास्ता अवरुद्ध कर दिया गया है और वे प्रशासन से स्थगन आदेश की मांग कर रहे थे। आरोप है कि इसी प्रक्रिया में बाबू विनोद शुक्ला ने 3 हजार रुपए की मांग की। राजेश ने इसकी सूचना लोकायुक्त को दी, जिसके बाद मामले का सत्यापन कराया गया और फिर कार्रवाई की गई। लोकायुक्त टीम ने आरोपी के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया है। प्रारंभिक पूछताछ और पंचनामा की प्रक्रिया पूरी की जा चुकी है। अब मामले की विस्तृत जांच होगी। बॉक्सपहले भी लिए थे 15 हजार रुपएफरियादी राजेश पाण्डेय ने बताया कि इसके पहले भी उसी बाबू ने खसरा सुधार के नाम पर उनसे 15 हजार रुपए लिए थे। उनका कहना है कि राजस्व अमले में यह रिश्वतखोरी एक आम चलन बन गई है। उन्होंने क्षेत्र के पटवारी पर भी भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगाए हैं। बॉक्स कार्रवाई के बाद कार्यालय परिसद रही अफरा-तफरी जैसे ही लोकायुक्त की कार्रवाई की खबर फैली, कलेक्ट्रेट परिसर में अफरा-तफरी मच गई। कर्मचारियों और अधिकारियों के बीच यह चर्चा बनी रही। बता दे राजस्व विभाग में काम करवाने के लिए पैसे देना आम बात हो गई है। लोगों का कहना है कि अगर आम नागरिक जागरूक होकर ऐसे मामलों की शिकायत करें, तो भ्रष्टाचार पर लगाम संभव है।

## मंदिर से लौट रहे युवक पर जानलेवा हमला, पुरानी रंजिश आई सामने



**रीवा।** जिले के बैकुंठपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत एक गांव में मंदिर से लौट रहे युवक पर जानलेवा हमला किए जाने का मामला सामने आया है। घटना सोमवार सुबह की बताई जा रही है, जब युवक पर तीन हमलावरों ने मिलकर धारदार हथियार से वार किए। गंभीर रूप से घायल युवक को परिजन तत्काल थाने लेकर पहुंचे, जहां से उसे अस्पताल भेजा गया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बैकुंठपुर निवासी उपदीप द्विवेदी मंदिर दर्शन कर वापस लौट रहा था, तभी ग्राम तेंदुन के पास पहले से घात लगाए बैठे तीन युवकों ने उसे घेर लिया। हमले में उपदीप के सिर पर गंभीर चोटें आई हैं। पीड़ित के अनुसार मुख्य आरोपी राज पाण्डेय और उसके दो साथियों ने मिलकर इस वारदात को अंजाम दिया, हमले की पृष्ठभूमि में पुरानी रंजिश की बात भी सामने आ रही है। बताया जा रहा है कि करीब पांच साल पहले दोनों पक्षों के बीच विवाद और मारपीट की घटना हुई थी। पुलिस को शक है कि उसी पुरानी रंजिश के चलते इस बार हमला किया गया है। फिलहाल पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। घायल उपदीप का प्राथमिक उपचार कराने के बाद उसे बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। थाना प्रभारी ने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए आईपीसी की सुसंगत धाराओं में मामला पंजीबद्ध किया गया है और जल्द ही आरोपियों की गिरफ्तारी की जाएगी।

## विश्व रक्तदाता दिवस पर 14 जून को शिविर का आयोजन



**रीवा ।** आगामी 14 जून को विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर जिला चिकित्सालय में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है। शिविर सुबह 10 बजे से आरंभ होकर शाम 4 बजे तक संचालित होगा। रक्तदान शिविर आयोजन की तैयारी बैठक को संबोधित करते हुए कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने कहा कि अधिक से अधिक रक्तदाताओं को रक्तदान के लिये प्रेरित करें। यह पुनीत कार्य है जिससे किसी भी व्यक्ति की जान बच सकती है। उन्होंने शैक्षणिक संस्थाओं, एनसीसी कैडेट्स, एनएसएस के छात्र-छात्राओं सहित अधिकारियों, कर्मचारियों को भी शिविर में रक्तदान हेतु आगे आने का आह्वान किया। कलेक्टर ने निर्देश दिये कि सभी शैक्षणिक संस्थाओं से कम से कम 15 रक्तदाताओं के नाम की सूची 12 जून तक उपलब्ध करायें। उन्होंने स्वयंसेवी संगठनों के प्रतिनिधियों से भी रक्तदान शिविर में सहयोग की अपेक्षा की है। बैठक में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने शिविर की व्यवस्थाओं के विषय में जानकारी दी। बैठक में आयुक्त नगर निगम डॉ. सौरभ सोनवणे, सीएमएचओ डॉ. संजीव शुक्ला, डॉ. प्रभाकर चतुर्वेदी सहित शैक्षणिक संस्थाओं के प्राचार्य तथा स्वयंसेवी संगठनों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## ग्रामीण विकास विभाग की योजनाओं में अपेक्षित प्रगति न होने परअधिकारियों की संविदा सेवावृद्धि नहीं दी जायेगी



**रीवा ।** कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने ग्रामीण विकास विभाग अन्तर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने जल गंगा संवर्धन अभियान, मनरेगा एवं प्रधानमंत्री आवास योजनाओं की अद्यतन प्रगति की विस्तार से समीक्षा की। कलेक्टर ने कहा कि ग्रामीण विकास विभाग की योजनाओं में अपेक्षित प्रगति न होने पर अधिकारियों की संविदा सेवावृद्धि नहीं की जायेगी। उन्होंने निर्देश दिये कि जल गंगा संवर्धन अभियान में आगामी सात दिवस में प्रगति लायें अन्यथा जनपद के सीईओ सहित संबंधित अधिकारियों के विरूद्ध निलंबन की कार्यवाही करते हुए विभागीय जांच संस्थित की जायेगी। कलेक्टर ने जल गंगा संवर्धन अभियान में डकवेल रिचार्ज के कार्य तीन दिवस में पूर्ण करने के निर्देश दिये। रायपुर कर्चुलियान अन्तर्गत सगरा सीएफटी के उपयंत्री संतोष मिश्रा तथा रघुराजगढ़ सीएफटी के उपयंत्री जितेन्द्र सिंह के विरूद्ध कार्यवाही करने के निर्देश कलेक्टर ने दिये। उन्होंने कहा कि अभियान में कम प्रगति वाले उपयंत्रियों एवं अन्य अधिकारियों के विरूद्ध कठोर कार्यवाही करें। बैठक में कलेक्टर ने मनरेगा के अपूर्ण कार्यों की समीक्षा के दौरान निर्देश दिये कि सभी कार्य वर्षा से पूर्व अभियान चलाकर पूर्ण करायें। मनरेगा के कार्यों की प्रगति के आधार पर ही संविदा अधिकारियों, कर्मचारियों की आगामी सेवा वृद्धि दी जाएगी। उन्होंने कहा कि कम प्रगति वाले जनपद के एपीओ एवं सहायक यांत्रियों के वेतन रोकें तथा नो वर्क नो पे करें। उन्होंने स्पष्ट तौर पर कहा कि एपीओ एवं एओ की जिम्मेदारी है कि मनरेगा के कार्य समय पर पूरे हो तथा मस्टर पेमेंट हो। प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना की प्रगति की समीक्षा के दौरान समग्र सीडिंग की कार्यवाही एक सप्ताह में पूर्ण करने के निर्देश कलेक्टर द्वारा दिए गए। आवास प्लस के वर्ष 2024-25 के स्वीकृत कार्यों की सतत मानीटरिंग किए जाने हेतु संबंधितों को निर्देशित किया गया। बैठक में सीईओ जिला पंचायत मेहताब सिंह गुर्जर ने कहा कि ग्रामीण विकास के कार्य लंबित नहीं रहे। समस्त ग्रामीण विकास विभाग के अधिकारी, कर्मचारी पूरी लगन व मेहनत से कार्य करे ताकि जिले की प्रदेश में अच्छी रैंकिंग रहे। उन्होंने सचेत किया की शिथिलता बरतने वालों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जाएगी।

## खेती को आधुनिक बनाने के लिए उन्नत तकनीक किसानों तक पहुंचाएं कमिश्नर ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग से की कृषि आदानों की समीक्षा



**रीवा ।** कमिश्नर कार्यालय सभागार में आयोजित बैठक में कमिश्नर बीएस जामोद ने कृषि आदानों की समीक्षा की। कमिश्नर ने कहा कि आगामी 18 जून को कृषि उत्पादन आयुक्त द्वारा रबी फसल की उपलब्धियों तथा खरीफ फसल की तैयारियों की समीक्षा की जाएगी। गत बैठक में दिए गए निर्देशों का पालन प्रतिवेदन तीन दिवस में प्रस्तुत करें। खेती ग्रामीण अर्थव्यवस्था का आधार है। खेती के बेहतर होने से इसमें सुधार होगा। खेती को आधुनिक बनाने के लिए उन्नत तकनीक किसानों तक पहुंचाएं। खेती के साथ-साथ किसानों को पशुपालन, मुर्गीपालन और मछलीपालन से जोड़कर उन्हें आर्थिक विकास का अवसर दें। इसके लिए फसलवार वर्ष भर की कार्ययोजना तैयार करें। विकसित कृषि संकल्प अभियान में किसानों से मिले सुझावों को भी कार्ययोजना में शामिल करें। समन्वित प्रयासों से ही खेती बेहतर होगी। कमिश्नर ने कहा कि शासन द्वारा फसल विविधीकरण पर लगातार जोर दिया जा रहा है। किसानों को आगामी फसल में धान के स्थान पर दलहन और तिलहनी फसलों के लिए प्रेरित करें। इनके रकबे में वृद्धि करने के लिए आवश्यक उपाय करें। दलहन तथा तिलहन फसलों के उन्नत बीज किसानों तक पहुंचाएं। उद्यानिकी फसलों की भी संभाग के सभी जिलों में अच्छी संभावना है। कई किसान सब्जी और फलों की अच्छी खेती कर रहे हैं। अन्य किसानों को भी उद्यानिकी फसलों से जोड़ें। संयुक्त संचालक कृषि सभी जिलों की कृषि विकास की कार्ययोजना तैयार कराएं। कलेक्टर कृषि आदान तथा कृषि संबद्ध विभागों की योजनाओं के क्रियान्वयन की नियमित समीक्षा करें। जिले में खाद की उपलब्धता और वितरण पर भी लगातार निगरानी रखें। बैठक में कमिश्नर ने कृषि उपज मण्डियों की रैंकिंग में सुधार, बीज निगम द्वारा बीजों के प्रमाणीकरण, एफपीओ द्वारा तैयार बीजों के प्रमाणीकरण एवं मोटे अनाजों की खेती के संबंध में अधिकारियों को निर्देश दिए। बैठक में कमिश्नर ने कहा कि आगामी 14 जून को पुनः संभागीय समीक्षा बैठक में एपीसी बैठक के एजेण्डा बिन्दुओं की जिलेवार समीक्षा की जाएगी। सभी अधिकारी पूरी तैयारी के साथ बैठक में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहें। बैठक में संयुक्त आयुक्त दिव्या त्रिपाठी, सहायक संचालक कृषि प्रीति द्विवेदी, उप संचालक मण्डी बोर्ड, क्षेत्रीय संचालक विपणन संघ तथा अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से संभाग के सभी जिलों के कलेक्टर तथा कृषि एवं संबंधित विभागों के अधिकारी बैठक में शामिल रहे।

## कार्यकर्ता चुनेंगे कांग्रेस का जिला अध्यक्ष, टिकट वितरण में जिला कमेटी की बड़ी भूमिका : डॉ. खुटिया



रीवा । कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा प्रारंभ किये संगठन सृजन अभियान के तहत रीवा दौरे पर मंगलवार को आये कांग्रेस के रीवा प्रभारी एवं उड़ीसा के पूर्व सांसद आर सी खुटिया ने पार्टी कार्यालय में एक पत्रकार वार्ता को संबोधित किया। कहा कि पार्टी में अब मनमानी बिलकुल नहीं चलेगी। कांग्रेस में रहते हुए जो भी अन्य पार्टी से किसी भी प्रकार का लाभ लेने का प्रयास करेंगा वह पार्टी में नहीं रहेगा। अबकी बार जो संगठन बनेगा वह नये कलेवर वाला होगा। पार्टी का ग्राम पंचायत और बूथ से लेकर जिला स्तर का संगठन तक 30 जून तक तैयार संगठन सुजन कर लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस बार संगठन में ज्यादा से ज्यादा युवाओं को जगह दी जाएगी। लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि सिर्फ युवाओं को ही संगठन की बागडोर सौंपी जाएगी। पाटी के जिला अध्यक्ष 50 और 60 साल की आयु वाले भी बनाये जाएगे। पार्टी में जो लोग सक्रिय रहेगे उन्हें जिम्मेदारी सौंपी जाएगी। डॉ खुटिया ने दो टूक कहा कि कांग्रेस में रह कर कांग्रेस को बदनाम करने वालों को बाहर का रास्ता दिखाया जाएगा। निर्वाचित जनप्रतिनिधियों से ज्यादा पार्टी के पदाधिकारियों को महत्व दिया जाएगा। किसी के इशारे पर अध्यक्ष नहीं चुना जाएगा। उन्होने कहा कि राहुल गांधी की भारत जोड़ों यात्रा के दौरान मिले जन समर्थन के बाद पार्टी मजबूत हुई है। पार्टी में जो लोग काम कर रहे है उन्हीं में से अध्यक्ष का पद दिया जाएगा। एसटी, एससी, और ओबीसी तथा अन्य में जो भी योग्य होगा उसे पद दिया जाएगा। डॉ. खुटिया ने बताया कि यह रीवा के दौरे पर आए हैं। यहां छह दिनों में कई कार्यक्रम तय हैं। जिला स्तर के पदाधिकारियों के साथ संवाद, निर्वाचित जनप्रतिनिधियों और वरिष्ठ नेताओं के साथ चर्चा के बाद हर विधानसभा में कार्यकर्ताओं की बैठक लेंगे। इसके बाद बूथ स्तर पर भी भ्रमण कर फीडबैक लिया जाएगा।बॉक्स 30 के पहले होगा जिला अध्यक्षों का चुनावसंगठन में चुनाव के लिए समय सीमा भी निर्धारित की गई है। एआईसीसी पर्यवेक्षक ने कहा कि वह छह दिनों तक रीवा में रहेंगे। 20 जून तक जिला अध्यक्ष पद के लिए छह दावेदारों के नाम एआईसीसी को सौंप देंगे। 30 जून तक चुनाव की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। इसके बाद ब्लॉक से लेकर बूथ स्तर तक की कमेटियों का चयन किया जाएगा। इसमें भी किसी नेता की अनुशंसा नहीं चलेगी, कार्यकर्ता को ही महत्व मिलेगा।

## तेज रफ्तार ट्रक की टक्कर से बाइक सवार पत्नी की मौत, पिता-पुत्री गंभीर रूप से घायल, इलाज जारी

**रीवा।** जिले के रायपुर कर्चुलियान थाना क्षेत्र अंतर्गत बाईपास के समीप ट्रेलर और ट्रक की टक्कर से बाइक सवार पत्नी की मौत हो गई। जबकि पिता-पुत्री गंभीर रूप से घायल हुए हैं। घटना के वक्त बाइक में पति-पत्नी सहित 2 वर्ष की मासूम बच्ची सवार थी। घटना के संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक मोटरसाइकिल में रामकुमार रजक उसकी पत्नी सुमन रजक और 2 वर्ष की मासूम बच्ची माही रजक सवार थी। बताया गया है कि सतना जिले के लोहरौरा गांव से रीवा जिले के मनगवा के नवागांव जा रहे थे, जैसे ही रायपुर कर्चुलियान के पास पहुंचे तभी तेज रफ्तार ट्रेलर ट्रक में बाइक में टक्कर मार दी। इस सड़क हादसे में सुमन रजक की मौत हो गई है जबकि उसकी बच्ची माही रजक और पति राम कुमार रजक गंभीर रूप से घायल हुए हैं। बताया गया है कि सुमन रजक अपने मायके मनगवां के नवागांव जाने के लिए बाइक पर सवार होकर अपने पति और बच्ची के साथ निकली थी लेकिन मायके पहुंचने से पहले रास्ते में उनकी मौत हो गई।

## शिक्षा विभाग में फर्जी नियुक्ति के संबंध में की गई कड़ी कार्यवाही

**रीवा ।** शिक्षा विभाग में फर्जी नियुक्ति के संबंध में संबंधितों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की गई है। कलेक्टर कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार लिपिक रमाप्रपन्न द्विवेदी को निलंबित करते हुए उनके विरूद्ध पुलिस में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। इसी क्रम में विवेचना अधिकारी ओआईसी अनुकंपा नियुक्ति अखिलेश मिश्रा के निलंबन का प्रस्ताव आयुक्त रीवा संभाग को प्रेषित किया गया है। इसी प्रकार फर्जी नियुक्ति के संबंध में जिला शिक्षा अधिकारी सुदामालाल गुप्ता को घोर लापरवाही बरतने के आरोप में स्पष्टीकरण लिये जाने के साथ ससंगत कार्यवाही किये जाने का प्रस्ताव रीवा संभाग को प्रेषित किया गया है।

## संभागीय दल ने जल गंगा संवर्धन अभियान का लिया जायजा

**मऊगंज।** रीवा संभाग के सभी जिलों में शहरी और ग्रामीण क्षेत्र में 30 मार्च से जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है। अभियान की मॉनीटरिंग के लिए कमिश्नर बीएस जामोद ने संभागीय अधिकारियों के दल तैनात किए हैं। संभागीय दल ने मऊगंज जिले का भ्रमण करके जल संवर्धन कार्यों का मौके पर जायजा लिया। इस संबंध में संयुक्त आयुक्त दिव्या त्रिपाठी ने बताया कि अधिकारियों के दल ने जनपद पंचायत मऊगंज के ग्राम नरैनी में तालाब निर्माण का निरीक्षण किया। गांव में मनरेगा योजना से 24 लाख 66 हजार रुपए की लागत से जल संग्रहण के लिए नवीन तालाब का निर्माण किया जा रहा है। इसके बाद दल के सदस्यों ने ग्राम पंचायत बमुरिहा इन्द्रदत्त में खेत तालाब निर्माण तथा अन्य जल संरक्षण कार्यों का अवलोकन किया। गांव में तीन लाख 90 हजार रुपए की लागत से मनरेगा योजना के तहत तालाब का निर्माण किया जा रहा है। दल में अतिरिक्त संचालक उच्च शिक्षा डॉ आरपी सिंह, संयुक्त संचालक सामाजिक न्याय अनिल दुबे, सहायक संचालक ट्राइबल बालेन्द्र पाण्डेय तथा अन्य अधिकारी शामिल रहे।

## भारतीय किसान संघ जिला मऊगंज की मासिक अधिवेशन बैठक संपन्न



**मऊगंज।** भारतीय किसान संघ जिला मऊगंज महाकौशल प्रांत की कार्यकर्ता मासिक अधिवेशन बैठक संपन्न हुई जिसमे किसान संघ की विभिन्न गतिविधियों आगामी कार्यक्रम की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की गई वही कार्यकर्ता अधिवेशन बैठक के बाद जिला अध्यक्ष की अगुवाई में कलेक्टर मऊगंज के नाम कलेक्टर कार्यालय जाकर एक मांग पत्र का ज्ञापन सौपा गया जिसमें मूग एवं उड़द की खरीदी के लिए शासन द्वारा आज तक उपार्जन केंद्र नहीं बनाया गया जहां किसान अपनी फसल ले जाकर बेच सके जिस कारण कृषकों को काफी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है इस वजह से अति शीघ्र शासकीय उपार्जन केंद्र बनाया जाए एवं समर्थन मूल्य से नीचे उक्त फसलों को न खरीदा जाए शासन समर्थन मूल्य में मूंग एवं उड़द की खरीदी करें ताकि किसानों को सही फसल की कीमत मिल सके इन सब विषयों का एक ज्ञापन कलेक्टर की अनुपस्थिति में अपर कलेक्टर को सौंपा गया इस अवसर पर भारतीय किसान संघ के जिला अध्यक्ष हरिशंकर पांडे तहसील अध्यक्ष नईगढ़ी राम सिपाही पटेल तहसील अध्यक्ष मऊगंज विभूति भूषण सिंह दशरथ सिंह उमाशंकर मिश्र सुरेंद्र प्रसाद त्रिपाठी राममिलन प्रजापति राजेश कुमार गुप्ता अनूप कुमार सिंह यज्ञ नारायण सिंह सेगर जिला सह मंत्री आदि लोग उपस्थित हुए आनंद मिश्रा जिला मीडिया प्रभारी भारतीय किसान संघ जिला मऊगंज उपस्थित रहै।



## किसानों को खेती से जुड़ी समस्याओं के निदान के लिए दिया गया मार्गदर्शन

**मऊगंज।** विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत अभियान के तहत मऊगंज जिले के ग्राम पंचायत खैरा, ग्राम पंचायत रजिगवां तथा ग्राम पंचायत गौरी में शिविर लगाए गए। इनमें कृषि वैज्ञानिक डॉ राजेश सिंह, डॉ एसएम कुर्मवंशी एसएडीओ यूसी हतागले, निकिता गुप्ता, मनु द्विवेदी तथा अन्य विभागों के अधिकारियों ने किसानों को उपयोगी जानकारी दी। शिविर में किसानों की खेती से जुड़ी समस्याओं के निदान के लिए मार्गदर्शन दिया गया। शिविर में बताया गया कि किसानों के लिए डीएपी के स्थान पर यूरिया तथा 20:20:0:13 खाद का उपयोग अधिक लाभकारी है। किसान एनपीके 19:19:19 का फसलों पर छिड़काव करके अधिक पैदावार ले सकते हैं। डॉ राजेश सिंह ने किसानों को प्याज और आलू की खेती से जुड़ी महत्वपूर्ण तकनीकी जानकारियाँ दीं। किसानों को हैप्पी सीडर के उपयोग से नरवाई को खाद बनाने की सलाह दी गई। किसानों को जैविक विधि से कीटनाशक तैयार करने एवं श्री अन्न की खेती के संबंध में मार्गदर्शन दिया गया। संगोष्ठी में स्थानीय जनप्रतिनिधि तथा बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे।

## मऊगंज में आबकारी विभाग द्वारा की गई ताबड़तोड़ कार्यवाही

165300 रुपए की शराब की गई जप्त



**मऊगंज।** आबकारी विभाग द्वारा अवैध मदिरा के विरुद्ध बड़ी कार्यवाही करते हुए नईगढी-सुरेंद्र बसोर के रिहायशी माकान से 120 किलोग्राम महुआ लाहन, ग्राम-चौगमा मे केसरी बसोर के रिहायशी माकान से 160 किलोग्राम महुआ लाहन, ग्राम-घोबिया मे प्रेमबती साकेत के रिहायशी माकान से 160 किलोग्राम महुआ लाहन,संकर साकेत के रिहायशी माकान से 140 किलोग्राम महुआ लाहन, ग्राम-शुकुलगवा मे रिया केवट के रिहायशी माकान से 280 किलोग्राम महुआ लाहन, ग्राम-हटवा मे सुरेश साकेत के रिहायशी माकान से 220 किलोग्राम महुआ लाहन तथा 08 लीटर हाथ भट्टी मदिरा, गीता साकेत के रिहायशी माकान से 260 किलोग्राम महुआ लाहन तथा 06 लीटर हाथ भट्टी मदिरा, ग्राम-भैदा मे उर्मिला साकेत के रिहायशी माकान से 320 किलोग्राम महुआ लाहन तथा 8 लीटर हाथ भट्टी मदिरा,जब्त कर म०प्र० आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(1)(क(च) के तहत प्रकरण दर्ज किये गये। आज की कार्यवाही में कुल 8 प्रकरणों मे 1620 किलोग्राम महुआ लाहन तथा 22 लीटर हाथ भट्टी मदिरा बरामद किया गया जिसकी अनुमानित कीमत 165300 रुपए /- है। सहायक आबकारी आयुक्त रीवा द्वारा बताया गया कि अवैध मदिरा के परिवहन,निर्माण विक्रय के विरुद्ध यह कार्यवाही लगातार जारी रहेगी।